भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3136

उत्तर देने की तारीख : 21.12.2023

अल्पसंख्यक समुदायों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति

3136. श्री ज्ञानेश्वर पाटिल:

श्री राजेन्द्र धेड़्या गावित:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने अल्पसख्यक समुदायों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति से जुड़े उद्‌देश्यों को किस हद तक प्राप्त किया है; और

(ख) इस सबंध में प्राप्त परिणामों और उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ख): सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से अल्पसंख्यकों सहित प्रत्येक वर्ग के, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित किया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने विशेष रूप से अधिसूचित छह अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण के लिए देश भर में मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति योजनाओं सहित विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित किया है। माता-पिता के आय मानदंड में संशोधन सहित सभी पहलुओं पर सरकार द्‌वारा ध्यान दिया जाता है।

मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना, मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना और मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना के लिए नए आवेदनों के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य पर्याप्त रूप से हासिल कर लिया गया है। इन योजनाओं के तहत पिछले वर्षों की उपलब्धि *https://minorityaffairs.gov.in* पर उपलब्ध है।

*****